हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 17 जून 2024

तापमान

अधिकतम 44 .0 डिग्री
न्यूनतम 33 .0 डिग्री

10 सीएम पंजीकृत श्रमिकों को देंगे योजनाओं की सौगात



10 प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी: ब्रह्मचारी



## खबर संक्षेप

### बोहतवाला बिजली घर के तीन फीडर आज रहेंगे बंद

**अलेवा।** बिजली निगम नगूरां के अधीन 33 केवी बोहतवाला बिजली घर में मरम्मत कार्य के चलते सोमवार सुबह 7 से 9 बजे तक तीन फीडरों की सप्लाई बाधित रहेगी। इंचार्ज राकेश ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते सुबह 7 से 9 बजे तक 11 केवी खोखरी एपी, 11 केवी बोहतवाला एपी तथा 11 केवी भारत रिसर्च औद्योगिक फीडर की सप्लाई बाधित रहेगी।

### पिकअप की चपेट में आने से युवक की मौत

**कैथल।** गांव मलिकपुर के निकट पिकअप की चपेट में आने से बाइक चालक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। फिरोजपुर के सुखबीर सिंह ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 14 जून को उसका भाई सुखबीर बाइक पर जा रहा था गांव के संजय ने गाड़ी को लापरवाही से चलते उसके भाई को टक्कर मार दी।

### पानी विवाद में व्यक्ति घायल, पांच नामजद

**जींद।** गांव बूराडैहर में सिंचाई नाली को बंद करने का विरोध करने पर हमला कर घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बूराडैहर निवासी अनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि खेत के पड़ोसी करण सिंह ने नाली को बंद कर दिया।

### रास्ता रोककर मारपीट के आरोप में 6 नामजद

**कैथल।** सिविल लाइन पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट के आरोप में 6 व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कैथल के हुड्डा सेक्टर 18 के राम नारायण ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 जून को जब वह गाड़ी से सेक्टर 18 से जा रहा था तो आरोपी मेहर सिंह और शीलू ने अपने चार अन्य साथियों के साथ उसका रास्ता रोकते हुए उसे पर डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### मारपीट करने का आरोप, 6 नामजद

**जींद।** गांव मोहम्मदखेड़ा में पत्नी तथा बेटी को दुकान में बंधक बना मारपीट करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मारपीट करने, बंधक बनाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मोहम्मदखेड़ा निवासी भूप सिंह की पत्नी राजेश ने पुलिस को शिकायत दी है।

### लिफ्ट देने के बहाने बालियां-नकदी छीनी

**कैथल।** सिविल लाइन पुलिस ने लिफ्ट देने के बहाने एक महिला के कानों की बालियां तथा नगदी छीनने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को शिकायत में कैलरम की संतोष ने आरोप लगाया है कि वह मेहनत मजदूरी करती है। 15 जून को वह काम के लिए नमकीन पूरा जिला कुरुक्षेत्र के लिए चली थी।

### आधा दर्जन किसानों के खेतों से उपकरण चोरी

**जींद।** चोरों ने बीती रात खेतों से छह किसानों के कृषि उपकरणों को चोरी कर लिया। थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांगोली निवासी रामफल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने सफीदों के विधायक के खेत ठेके पर लिए हुए हैं। रात को चोरों ने खेत से ट्यूबबैल से उपकरणों को चोरी कर लिया।

### 14 सितंबर तक नि:शुल्क अपडेट होंगे आधार कार्ड

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया की यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख बढ़ाकर 14 सितम्बर कर दी है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है।

# सूर्य ने उगली आग, 18 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चली गर्म हवाएं

## पारा पहुंच रहा 44 डिग्री, आमजन बेहाल, लगातार गर्म मौसम रहने से धान उत्पादक किसानों को हो रहा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले एक पखवाड़े से लगातार सूर्य देवता के आग उगलने तथा 18 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चली हवा के गर्म थपेडों ने रविवार को लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। दिन के समय हालात यह थे कि शहर के सबसे व्यस्तम मार्ग गोहाना व सफीदों रोड पर इक्का-दुक्का वाहन ही चल रहे थे। रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री व न्यूनतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 20 प्रतिशत व हवा की गति 18 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। दिनभर चली गरम हवाओं ने आमजन को बेहाल करके रख दिया। वहीं चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि तेज धूप में घर से बाहर न निकलें और 'यादा से 'यादा स्वच्छ पेय पदाथारे् का प्रयोग करें।



जींद। दोपहर के समय खाली नजर आ रहा गोहाना रोड। फोटो :हरिभूमि

**गर्मी व लू से बचाव को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी**

गर्मी व लू से बचाव को लेकर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर दी है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुगोंर् और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर 'यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है हम लू से बचे रहें। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आगामी तीन दिन में मौसम में करवट लेगा। रविवार को दिन निकलने के साथ ही सूर्य देवता ने आग उगलनी शुरु कर दी थी। सुबह नौ बजे ही तापमान 32 डिग्री पर जा पहुंचा था। दोपहर 12 बजे तापमान 40 डिग्री पर पहुंच गया था। हवा की गति सुबह के समय 12 किलोमीटर प्रति घंटा तो दोपहर को 18 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुंची। दोपहर बाद अढाई बजे तापमान 44 डिग्री पार भी पहुंच गया। हवा का मिजाज भी काफी गर्म हो गया, जिसके चलते सड़कें व बाजार सुनसान दिखाई दिए और दिनचर्या भी प्रभावित हुई। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि तापमान 44 डिग्री के आसपास रह रहा है। लोगों को चाहिए कि वे धूप में बाहर निकलने से बचें, विशेषकर बच्चे व बुजुर्ग। 'यादा से 'यादा स्वच्छ पेय पदाथारे् का प्रयोग करें। सूर्य की सीधी किरणों से बचें, जरूरी होने पर बाहर निकलते समय अपने शरीर को कपडे या छाता लेकर निकलें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। किसान रोहताश, सुनील ने बताया कि अब अगर बारिश नही होती है तो किसान धान के लिए खेत तैयार नही कर पाएंगे। फिलहाल जो प्योद लगाई थी वो भी सूर्य की तपिश से खराब हो चुकी है।

## गांव की गलियों व लिंक सड़कों को तोड़ने का आरोप

# लोगों ने मिट्टी से भरे ओवरलोड डंफरों को रेलवे फाटक पर रोका

## गांव के खेतों से काफी समय से अवैध खनन का कार्य चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

उपमंडल के गांव बहादुरगढ़ की रेलवे फाटक के पास रविवार सुबह ग्रामीणों ने गांव में से होकर गुजर रहे ओवरलोड मिट्टी के डंफरो को अवरोधक डाल कर रोक लिया। ग्रामीणों ने ओवरलोड़ डंफरों के द्वारा गांव की गलियों व लिंक सड़कों को बुरी तरह से तोड़ने तथा अवैध खनन के आरोप लगाए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर डायल 112 को दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव के खेतों से पिछले काफी समय से अवैध खनन का कार्य चल रहा है। इस कार्य के लिए बड़े-बड़े डंफरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये डंफर ओवरलोड होकर चलते हैं और इनके ऊपर कोई तिरपाल वगैरह भी ढका हुआ नहीं होता। जिसके कारण पूरे गांव में चारो ओर मिट्टी फैल गई है और धूल के गुबार उड़ रहे हैं। ओवरलोड़ डंफरों के कारण गांव की तमाम गलियां क्षतिग्रस्त हो गई है। गांव में अनेक स्थानों पर पानी सप्लाई की लाईनें टूट गईं है और घरों की दीवारों में दरारें आ गई हैं। इसके अलावा हाल ही में नई बनी मलार-बहादुरगढ़ तथा सिल्लाखेड़ी-रोझला सड़कों को भी इन ओवरलोड़ डंफरों ने तोड़ दिया है। ग्रामीणों का कहना था कि खेतों से दो से तीन फूट मिट्टी उठाने की इजाजत है लेकिन सभी नियमों को ताक पर रखकर पांच से छह मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। जब वे इन डंफर चालकों को आराम से चलाने व मिट्टी के ऊपर तिरपाल वगैरह लगाने की बात कहते हैं तो वे उन्हे भद्दी-भद्दी गालियां देते हैं। इन डंफरों के कारण उनका व उनके परिवारों विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों का जीना दूभर हो गया है। गांव की इस समस्या की ओर शासन व प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है।





सफीदों। बहादुरगढ़ की फाटक के पास डंफर को रोके हुए ग्रामीण।, ग्रामीणों को समझाती डायल 112 पुलिस।

**प्रशासन से लगाई गुहार**

ग्रामीणों ने साफ किया कि वे अब उनके जीवन को संकट में झोंकने वाले इन ओवरलोड़ डंफरों को गांव में नहीं चलने देंगे। अगर खेतों से मिट्टी उठाई भी जानी है तो उन्हे हल्के वाहनों के द्वारा उठाया जाए। अगर यह सिलसिला यूं ही जारी रहा तो गांव की बची गलियां व सड़के पूरी तरह से तहस-नहस हो जाएंगी। ग्रामीणों ने इस मामले में प्रशासन से दखल देने की गुहार लगाई।

# नौकरी के नाम पर दो युवकों से 12 लाख ठगे

- एक महिला सहित चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गुहला पुलिस ने अर्मेनिया भेजकर नौकरी दिलाने के नाम पर दो युवकों के साथ 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के रूप में एक महिला सहित चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव थेह बुटाना के गौरव ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह विदेश जाना चाहता था। सोशल मीडिया के माध्यम से उसने नमन कंसलटेंट सेक्टर 35 से चंडीगढ़ का पता चला। उसने उसके मोबाइल पर फोन किया तो वहां पर विक्की नामक व्यक्ति से बातचीत हुई। उसने उसे कहा कि वह उसे अर्मेनिया भेज कर ई वीजा लगवा देंगे तथा वहां पर 40000 प्रति महीना की नौकरी भी मिल जाएगी। इसके लिए आरोपियों ने चार लाख 75000 की मांग की। शुरूआती दौर में उसने कहा कि वह अभी विदेश नहीं जाना चाहता क्योंकि अभी उसके पास इतनी धनराशि नहीं है। इसके बाद आरोपियों ने उसे विश्वास में लेकर आरोपी विक्की और रघु सितंबर 2023 में उनके घर आए तथा उनके परिवार को सहमत कर लिया। यही नहीं उन्होंने उसके साले सिद्धांत को भी उसके साथ काम दिलवाने की बात कही। आरोपियों ने 26 मार्च 2023 को उसे मुंबई एयरपोर्ट से होते कतर भेज दिया और 29 सितंबर 2023 को अर्मेनिया भेज दिया गया। इस पर आरोपियों ने कहा कि अभी यहां पर ठंड होने के कारण काम नहीं मिल पाता। कुछ ही दिन के बाद उसका साला सिद्धांत भी उसके पास पहुंच गया। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें कहा कि वह उनका इटली का वीजा लगवा देंगे। आरोपी विकी रघु, नवनीत और सोनी ने उसे वह उसके साले को वीजा लगवा कर रसिया भेज दिया। इसके बाद उन्हें फिनलैंड भेजने की बजाय बेलारूस भेज दिया। जब वह बेलारूस पहुंचे तो आरोपी ने उसे उसके साले सिद्धांत ने उनसे संपर्क किया तो वहां पर उन्हें शुभ दलबीर सिंह निवासी तरनतारन जिला अमृतसर पंजाब मिला। आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ उनके साथ मारपीट की।

# गांव खरकां में पानी की किल्लत, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

खरकां गांव में पंचायती ट्यूबवेल खराब हो जाने से लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण दलजीत सिंह आदि ने बताया कि में करीब 10 दिनों से गांव में पानी की किल्लत बनी है। ग्रामीणों ने बताया कि लोगों के घरों में पानी सप्लाई करने वाला जन स्वास्थ्य विभाग का बोर खराब हो गया था, जिसे विभाग के अधिकारी ठीक नहीं करवा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में वे पीने के पानी के लिए भी बहुत ज्यादा परेशान हैं उन्होंने बताया कि हालांकि पंचायत ने दो-तीन पानी के टैंकरों का बन्दोबस्त किया है परंतु लोगों की मांग पूरी नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि टैंकर आते ही लोगों का हजूम उमड़ पड़ता है और लोगों में धक्का-मुक्की भी होती हैर। उक्त समस्या को लेकर गांव केसरपंच जोनी ग्रोवर ने कहा कि बोर खराब नहीं हुआ बल्कि वह नीचे से टूट गया है।



### मोदी कल जारी करेंगे किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त

**जींद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित होने वाले किसान सम्मेलन के माध्यम से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त जारी करेंगे। कार्यक्रम के सीधे प्रसारण से किसानों को जोड़ने के लिए कृषि विभाग द्वारा उपमंडल स्तर, खंड स्तर पर व ग्राम स्तर पर किसानों को एकत्रित करके लाइव प्रसारण के साथ जोड़ा जाएगा।

कृषि विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भारत सरकार की किसान हितैषी प्रमुख योजना है। जो कि फरवरी 2019 में पीएम द्वारा पात्र भूमि धारक किसानों को प्रति वर्ष छह हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी।



पुलिस कर्मचारी गलत लेन में चलने वाले वाहन चालकों के चालान करते।

### गलत लेन में वाहन चलाने पर 38 डाइवरों के चालान

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व यातायात हादसों से बचाने के लिए गलत लेन में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एक अभियान चला कर जहां पुलिस ने चालकों को जागरुक किया, वहीं पर लाइन चेंज के 38 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गये थे। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस द्वारा वाहन चालकों को जागरुक किया गया कि वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले, रॉन्ग साइड में तथा अंडर एज वाले चालक वाहन न चलाएं जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

### सब इंस्पेक्टर लगवाने का झांसा दे हड़पे 2. 30 लाख

**जींद।** हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर लगवाने का झांसा देकर दो लाख 30 हजार रुपये हडपने पर उचाना थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव उचाना कलां निवासी सोमबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव गामडा हिसार निवासी राहुल से वर्ष 2014 से जान पहचान रही है। परिवारिक तौर पर भी एक दूसरे के घर आना जाना रहा है। राहुल ने बताया कि उसकी एचएसएससी में काफी जान पहचान है। वह उसे हरियाणा में सब इंसपैक्टर की नौकरी लगवा देगा। जिसको लेकर उसने अपने पिता तथा पत्नी से बात करवाई और बताया कि राहुल तथ मास्टर गुरमीत नौकरी लगवाने का काम करते हैं। जिसकी एवज में उन्होंने डेढ लाख रुपये की डिमांड की। 25 सितंबर 2021 को आरोपितों को राशि दे दी गई। बावजूद इसके उसका पेपर क्लीयर नही हुआ। जब उसने पूछा तो बताया कि जिसने काम करवाना था वह पकडा गया।

# लापता युवक का शव हांसी ब्रांच नहर से बरामद

- मृतक के परिजनों ने युवक की मौत पर जताया संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिव चौक से दो दिन पहले संदिग्ध हालत में गायब हुए युवक का शव राजा की कोठी वाले पुल के निकट हांसी ब्रांच नहर से बरामद हुआ है। मृतक के परिजनों ने युवक की मौत पर संदेह जताया है। मृतक के शव की दशा को देखते पोस्टमार्टम के लिए खानपुर पीजीआई रेफर किया गया है। फिलहाल शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। **क्या था मामला:** कुम्हारन मोहल्ला निवासी सागर (26) गत 14 जून को सुबह घर से गायब हो गया था। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसका कोई सुराग नही लगा। जिस पर सागर के पिता ने उसी दिन शहर थाना मे गुमशुदगी की रपट दर्ज कराई। शनिवार शाम का सागर का शव राजा की कोठी वाले पुल के पास हांसी ब्रांच नहर से बरामद हुआ। मृतक की स्कूटी उससे पिछले पुल के निकट से बरामद हुई है। सूचना मिलने पर शहर थाना मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा ले शव का नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक के परिजनों ने चेहरे पर निकले खून से मौत पर संदेह जताया है। परिजनों ने बताया कि मृतक सागर साइकिल रिपेयरिंग का कार्य करता था। उसकी लगभग छह माह पहले शादी हुई थी। घर से काम पर निकला था। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटा। शाम को पुलिस के माध्यम से उन्हें नहर से शव मिलने की सूचना मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि सागर की मौत संदिग्ध है। जिसकी जांच होनी चाहिए। नागरिक अस्पताल के चिकित्सकों ने मृतक के शव की दशा को देखते हुए खानपुर पीजीआई रेफर कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा की आखिर सागर की मौत कैसे हुई। शहर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि मृतक के शव को खानपुर पीजीआई रेफर किया गया है।



जींद। मृतक के परिजनों से बातचीत करते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

## पूर्व विधायक तेजवीर सिंह चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मिले

# 25 करोड़ रुपये से 16 सड़कें होंगी चकाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व विधायक चौधरी तेजवीर सिंह प्रधान वेलफेयर एसोसिएशन आफ मैनेजमेंट ऑफ प्राइवेट ऐडेड कॉलेज हरियाणा ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर उन्हें करनाल चुनाव पर बधाई दी। पूर्व विधायक ने सीएम के सामने हलके से संबंधित मांगे भी रखी। मुख्यमंत्री ने पूंडरी हल्के की सोलह सड़कों की मरम्मत के लिए ग्रांट भी जारी की गई, जो आगामी तीन महीनों में पूरी कर दी जाएगी। जिस पर 25 करोड की राशि खर्च होगी। जिसमें कौल फि रनी रोड, कौल इंटरनल रोड, कौल में शमशान घाट रोड, जडोला से बेगपुर सडक, बरसाना से बाकल, दुसैन रोड़, रसीना, सिरसल वाया सांच रोड, कौल से फरल, बंदराना से सोलू माजरा, साकरा से रसीना, सोलू माजरा से कौल, पूंडरी से पिलनी, खेडी साकरा से कौल वाया देरडू व सांच से बुच्ची रोड के लिए उक्त राशि संबंधित विभाग द्वारा स्वीकृत हो चुकी है। पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार विकास कार्यों को तीव्रता से संपन्न करवाने के लिए न केवल संकल्पित है।



पूंडरी। मुख्यमंत्री का स्वागत करते पूर्व विधायक तेजबीर सिंह। फोटो :हरिभूमि

**सभी विकास कार्य जल्द पूरे होंगे**

पूंडरी हलके में ही इसके अलावा प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले 3600 करोड़ की लागत से 7300 किलोमीटर लंबी कुल 2500 सड़कों के नवनिर्माण व पुनरुद्धार का कार्य प्रगति पर होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि आगामी तीन महीनों में जिन गांवों में लाभार्थियों को कोर्ट केस आदि के कारण सो-सो गज के प्लाट आवंटित नहीं हुए उनको सो-सो गज के प्लॉट तत्परता से उपलब्ध कराए जाएं। प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक हर जिले में ब्लॉक स्तर पर संबंधित अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि तीन महीनों में पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में सभी विकास कार्य युद्ध स्तर पर करवाए जायेंगे।

# आयुष केंद्र की जर्जर इमारत दे रही हादसों को निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

कोटड़ा के आयुष केंद्र की जर्जर इमारत धाराशाई होकर बड़े हादसे का कारण बन सकती है। आलम यह बन चुके हैं कि लेंटर के सरिए दिखने लग गए हैं। कई बार सीमेंट के बड़ी-बड़ी परतें किस समय नीचे गिर जाएं इसका अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता। ऐसे में यहां कार्य करने वाले कर्मचारी मौत के साय में कार्य करने को मजबूर हैं। लंबे समय से यह स्थिति बनी हुई है लेकिन ईश्वर संबंधित भाग के अलावा प्रशासन का भी कोई ध्यान नहीं है इसके कारण यह बिल्डिंग खतरा बनकर मंडरा रही है और कभी भी एक बड़े हाथ से का कारण बन सकती है कहीं ग्रामीण है इस बारे में बताया कि कई वर्षों से जर्जर हो चुकी लेटर में सीमेंट की प्रत्येक गिरती रहती हैं और सबके लिए बहुत खतरनाक साबित हो सकती है प्रशासन को शीघ्र ध्यान देकर इसका समाधान कर देना चाहिए।



राजौंद। गांव कोटडा में आयुर्वेदिक के अंदर की जर्जर भवन का दृश्य।

## खबर संक्षेप

### भाई ने परिवार के साथ मिल भाई को पीटा

**जींद।** गांव मालवी में जमीन विवाद को लेकर भाई ने परिवार के संग मिल हमला कर दूसरे भाई का घायल कर दिया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मालवी निवासी अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका उसके भाई सुभाष के साथ जमीन को लेकर कहासुनी हो गई। गत दिवस वह खेत मे पानी देने गया हुआ था।

### खेत से पानी उठाने का बर्मा चोरी, केस

**नरवाना।** डोहाना खेडा के एक खेत में पानी उठाने का बर्मा चोरी करने पर सदर थाना पुलिस नरवाना ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है पुलिस को दी शिकायत में कुलदीप पुत्र प्रेम सिंह वासी डोहाना खेडा ने बताया कि उसके खेत डोहाना खेडा से भगवान पुरा वाली सड़क पर है। जिसमें उसने पानी उठाने का बर्मा लगाया हुआ था।

### युवती का अपहरण कर दुष्कर्म, शिकायत दर्ज

**जींद।** उचाना थाना इलाका गांव में घर में घुस युवती का अपहरण कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। उचाना थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना थाना इलाका गांव की एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत नौ जून को वह घर में अकेली थी।

### रंजिशन हमला करने पर 4 के खिलाफ केस

**जींद।** गांव शामलो कलां में रजिशन हमला कर घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शामलो कलां निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मनजीत परिवार से रंजिश चली आ रही है। जब घर की तरफ लौट रहा था तो मनजीत परिवार ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया।

### दो स्थानों से दो युवतियां लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। आरा रोड निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 19 वर्षीय बहन घर से गायब हो गई। वहीं मुआना निवासी व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 22 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### मकान और सरकारी स्कूल का ताला तोड़ा

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने सरकारी स्कूल तथा मकान का ताला तोड़ कर सोना व चांदी के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अजमेर बस्ती निवासी प्रियंका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना, के जेवरात चोरी कर लिए।

### जींदः सर्व सुख व शांति महाअखंड जाप संपन्न

**जींद।** कला धाम मंदिर में सर्व सुख शांति व विश्व कल्याण के लिए 11 दिन से चल रहे महा अखंड जाप का रविवार को समापन हुआ। षि सुखदेव महाराज व संगठन सदस्यों ने गरीब व जरूरतमंद लोगों को जरूरत का सामान वितरित किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु की कृपा तो दिन रात बरसती है, जरूरत है तो पात्र को सीधा, स्वच्छ व शुद्ध पवित्र करने की।

### पिता ही चाहता है उसका बेटा उससे आगे निकले

उचाना। तेरापंथ भवन में चल रही धर्मसभा में साध्वी महिमा श्री ने कहा जिंदगी में पिता की कितनी अहमियत होती है उस पर बोलते हुए कहा कि पिता हमेशा चाहता है कि उसका बेटा जीवन में उससे भी बड़ा बने। इस दुनिया में पिता ही ऐसा इंसान होता है जो अपने बेटे को अपने से आगे बढ़ता देखना पंसद करता है।

---

सीआरएसयू विश्वविद्यालय में 19 को राज्यस्तरीय कार्यक्रम

# सीएम पंजीकृत श्रमिकों को देंगे योजनाओं की सौगात

प्रदेश के अन्य जिलों में भी कार्यक्रम का दिखाया जाएगा लाइव प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** बैठक में दिशा-निर्देश देते श्रम विभाग के आयुक्त मनीराम शर्मा।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित डा. हरिचंद मिड्ढा सभागार में 19 जून को सुबह दस बजे पंजीकृत श्रमिकों के सम्मान में श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे तथा श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे। स्थानीय विधायक डा. कृष्ण लाल मिड्ढा विशेष रूप से मौजदू रहेंगे। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह भवन एवं अन्य सन्निमार्ग कर्मकार कल्याण बोर्ड के प्रदेशभर के करीब एक लाख पंजीकृत श्रमिकों को उनकी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके खातें में जारी करेंगे। सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री अपने संबोधन के माध्यम से प्रदेशभर के श्रमिकों को अपना शुभ संदेश भी देंगे। यह जानकारी श्रम विभाग के आयुक्त मनीराम शर्मा ने दी। रविवार को उन्होंने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर के डा. हरिचंद मिड्ढा सभागार में व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान दी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह सम्मान समारोह श्रम विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रदेश के अन्य जिलों में भी सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें श्रमिकों की बेटियों की शादी में कन्यादान राशि, छात्रवृति योजना, ई-श्रमकार योजना, साइकिल, स्कूटी व सिलाई मशीन आदि मुहैया करवाना मुख्य रूप से शामिल हैं। हर पात्र पंजीकृत श्रमिक को उनका हक मिले, इसके लिए सभी योजनाओं को उनके आधार कार्ड से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जींद में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में प्रदेशभर से 200 से 250 पंजीकृत श्रमिकों को शामिल किया जाएगा। कुछ श्रमिकों को मुख्यमंत्री स्वयं अपने हाथों से योजनाओं का लाभ प्रदान करेंगे। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केवल आमंत्रित पंजीकृत श्रमिकों को ही कार्यक्त्रम में प्रवेश मिलेगा। इसके अलावा पहचान पत्र के बिना कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बैठक में मौजूद ईएसआई के चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि समारोह के दौरान प्राथमिक उपचार हेतू एक डिस्पेंसरी स्थापित करवाई ताकि जरूरत पड़ने पर कोई भी व्यक्ति उपचार ले सके।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एडीसी डा. हरीश वशिष्ट, श्रम विभाग के संयुक्त आयुक्त परमजीत सिंह, अतिरिक्त निदेशक अरविंद कुमार, उपश्रम आयुक्त भगत प्रताप और अजयपाल, सहायक श्रम आयुक्त मनीष कुमार, उपनिदेशक अशोक नैन, कुलदीप और डा. रीगल चौधरी, डीआआईओ सुषमा देशवाल, खाद्य आपूर्ति इंचार्ज अमित सैनी के अलावा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

---

# कैंप में 62 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में हैल्प ए मिशन वैलफेयर सोसायटी द्वारा रविवार को पांचवां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला व ब्लड बैंक इंचार्ज डा. शिप्रा ने शिरकत की। जबकि शिविर में प्रधान रजनीश, मनोज अरोड़ा, आकाश, अमित, आशीष, गौरव, नरेंदर, रजत, राजेश, सचिन, सोनू, सुधीर, विपिन, राकेश तनेजा, सुरेंदर सेतिया, मीकिन, नीरज, पवन, पियूष, रविंदर, सन्नी, पुनीत आदि मौजूद रहे। शिविर में कुल 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही करते हुए डा. भोला ने कहा कि डीसी व सीएमओ के निर्देशानुसार लगातार शहर में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है ताकि रक्त की कमी नही रहे। उन्होंने कहा कि विज्ञान की तमाम उन्नति के बावजूद अभी तक रक्त का कोई विकल्प तैयार नहीं किया जा सका है और इसकी पूर्ति केवल मानव शरीर से ही संभव है। इसीलिए रक्तदान को महादान कहा गया है। रक्तदान कर मानव को अपने जीवन में पुण्य अवश्य कमाना चाहिए। जिससे बहुमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सके। हैल्प ए मिशन वैलफेयर सोसायटी के प्रधान रजनीश व राकेश तनेजा ने कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर सामाजिक कायार्ं का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर पर किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता। रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही संभव है।



### शिविर में 80 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गढ़वाली गांव में आरोग्यम अस्पताल की टीम ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर में 80 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में मरीजों को संबोधित करते हुए आरोग्यम अस्पताल के डायरेक्टर डा योगेश नांदल ने कहा कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए। गर्मी में हो सके तो घर से बाहर कम निकले औंर जब भी निकलें तो सिर पर कपड़ा ढ़क कर ही निकले। बुखारए उल्टी या दस्त होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। कैंप डा कीर्ती द्वारा नाक, नाक और गले के 30 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मरीजों को निशुल्क दवाएं भी दी गई। इस मौके पर डा. हर्षिता अहलावत, विनय मलिक, डा. प्रवीन सहरावत, नवीन लाठर आदि मौजूद रहे।

### मंगलवार के दिन निर्जला एकादशी का आना शुभ संयोग : अशोक शर्मा

**उचाना।** पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि निर्जला एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। मंगलवार के दिन विष्णु भगवान के अवतार राम के परम भक्त हनुमान की पूजा की जाती है। ऐसे में निर्जला एकादशी और मंगलवार का एक ही दिन आना बड़ा बेहद दुर्लभ संयोग माना जा रहा है। 18 जून को मंगलवार के दिन निर्जला एकादशी व्रत भी है। ऐसे में इस दिन कुछ कार्य आपको जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिला सकते है। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी का व्रत रखने वालों को इस दिन हनुमान चालीसा का पाठ भी अवश्य करना चाहिए हालांकि इस बात का ध्यान रखें कि भगवान विष्णु की पूजा समाप्त करने के बाद ही हनुमान चालीसा का पाठ करें। रामभक्त हनुमान विष्णु भगवान के अवतार श्रीराम के भक्त है ऐसे में वो विष्णु के भक्त हुए और भगवान से पहले भक्त की पूजा करना धार्मिक रूप से शुभ नहीं माना जाता। मंगलवार के दिन रामभक्त हनुमान की पूजा का तो आपको लाभ मिलता ही है लेकिन मंगलवार के साथ अगर एकादशी तिथि भी आ जाए तो इस दिन श्रीराम की पूजा भी आपको करनी चाहिए।

---

# ३६ बिरादरी ने कांग्रेस का समर्थन किया: सांसद

■ हिसार से नवनिर्वाचित सांसद जय प्रकाश जेपी पहुंचे नरवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**नरवाना।** पत्रकारों से बातचीत करते हिसार से नवनिर्वाचित सांसद जयप्रकाश जेपी।

शनिवार की बीती सायं को हिसार से नवनिर्वाचित सांसद जय प्रकाश जेपी अंशुल धरतरवाल के निवास स्थान पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि हिसार एक ऐसी सीट है जिसमें 36 बिरादरी ने कांग्रेस का पुरजोर समर्थन किया और हिसार की सीट पर 33ः वोटों की बढ़ोतरी दर्ज की। एक दो परिवारों ने हराने की कोशिश की लेकिन फिर भी कामयाब नही हुये। विरोधियों के सवाल के जवाब के बारे कहा कि 0 से 5 सीटों पर पहुंचाने वाले यही दो आदमी है। यदि 2020 में कांग्रेस अहंकार में नहीं डुबती तो कांग्रेस की सरकार बनती, लेकिन कुछ लोगों ने कुछ जीतने वाली टिकटे कटवा दी।

लेकिन अब की बार ऐसा नहीं होगा मेरिट के आधार पर टिकटे दी जाएगी। उन्होने कहा कि जय प्रकाश को देख लो 47 साल में पांचवीं बार सांसद बना हूं। एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि चांद राम के बाद दलित नेता के रूप में उदय भान ही दलित नेता के रूप में उभर कर आये है। हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनती है तो उनकी प्राथमिकता क्या रहेंगी। जेपी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में यूवाओ की अहम भूमिका होगी और कांग्रेस 80 सीटों पर विजय हासिल करेगी। अंशुल धतरवाल के बारे में कहा कि ये उभरता हुआ चेहरा है।

### गांव सच्चाखेडा से 800 मीटर एचटी लाइन की केबल चोरी

**नरवाना।** सच्चाखेडा गांव से 800 मीटर एचटी लाईन की बिजली की केबल चोरी होने पर सदर थाना पुलिस नरवाना ने अज्ञातों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में एरिया इंचार्ज, दीपक उप मण्डल अधिकारी अर्धशहरी दहबीवि निगम, नरवाना ने बताया कि सच्चा खेडा गांव के अर्जुन सिंह पुत्र गाजे सिंह ने लिखित रूप में शिकायत दी थी कि उनका 25 केवी, बिजली कनेक्शन ट्रांसफार्मर का अर्जुन पुत्र गाजे सिंह के नाम पर है जिसकी 28 मई 2024 की रात को अज्ञात लोगों ने 800 मीटर एचटीलाईन की तार चोरी कर ली। जिसके बाद शिकायत प्राप्त होने पर एरिया के इंचार्ज कुलदीप जेई द्वारा मौके पर जाकर जांच की तो पाया कि पांच स्पेन की दो तार अज्ञात लोगों द्वारा चोरी की गई है जिससे निगम को 41 हजार रूपये का नुकशान हुआ है। पुलिस को दी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके मामलें की जांच शुरू कर दी।

# प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी: ब्रह्मचारी

■ औद्योगिक इकाइयां को लाकर खोला जाएगा रोजगार का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सोनीपत संसदीय क्षेत्र से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि आगामी तीन माह हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनते ही जींद जिले पर जो पिछड़ेपन का जो दाग लगा हुआ है, उसे हटाने पर काम शुरू हो जाएगा। जींद को विकसित करने के लिए यहां ज्यादा से ज्यादा औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी रविवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन गर्ग के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ओच्छे हथकंडे अपनाने के बाद भी केंद्र में बहुमत नहीं ले पाई। क्योंकि जनभावना भाजपा के विरोध में थी। हरियाणा में भाजपा चक्रव्यूह नहीं रचती तो सभी हरियाणा मे सभी दस सीटों पर कांग्रेस जीतती। हरियाणा में जिस तरह कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है, उससे साफ है कि तीन माह बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होने कहा कि भाजपा की मशा सविधान बदलने की थी। अगर भाजपा के मंसूबों को जनता विफल नही करती तो आगे कभी देश मे चुनाव नही होते। कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं ने लोकसभा चुनाव में मोर्चा संभाला और जनता ने साथ दिया, उससे 'यादा एनर्जी विधानसभा में देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जो प्लाट गरीब लोगो को दे रही है। कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने योजना पर काम किया था, उस पर भाजपा साढ़े नो साल बाद अमल कर रही है। हार के डर से भाजपा सरकार प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र के सिस्टम में बदलाव कर रही है लेकिन जनता सब जानती है। इस मौके पर प्रमोद सहवाग, बलजीत रेढ़ू, करतार सैनी, दीपक पिंडारा, सुरेश देव कौशिक, जगदीश गोयत, सांरग शमशेर पार्षद संजय वत्स सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

---




**नरवाना।** बीसीजी वैक्सीनेशन लगवाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### हीमोग्लोबिन टेस्ट व बीसीजी वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

**नरवाना।** टीवी मुक्त हो भारत हमारा अभियान के तहत रविवार को 15 जून दिन शनिवार को भारत विकास परिषद केशव शाखा नरवाना द्वारा गीता मंदिर पंजाबी चौक में हीमोग्लोबिन टेस्ट व बीसीजी वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। प्रैस प्रवक्ता मास्टर नत्थूराम गोयल ने बताया कि भारत विकास परिषद केशव द्वारा शहर के गीता मंदिर पंजाबी चौंक में सुबह 9रू00 बजे से दोपहर 2रू00 बजे तक निशुल्क बीसीजी वैक्सीनेशन व हीमोग्लोबिन कैंप का आयोजन किया गया। इस अभियान में सामाजिक कार्यकर्ता व लैब टेक्नीशियन प्रिंस रावल का भरपूर सहयोग रहा। बीसीजी वैक्सीनेशन 18 से 65 वर्ष की आयु के सभी स्वस्थ लोगों को लगाया जाता है ताकि स्वस्थ लोगों को टीवी जैसे भयानक संक्रामक रोग से बचाया जा सके। शिविर में नागरिक अस्पताल से डॉक्टर राहुल, गुरुदेव एमपीएसडब्ल्यू, अंकुश लैब टेक्नीशियन मौजूद रहे। निशुल्क बीसीजी वैक्सीन वैक्सीनेशन में हीमोग्लोबिन के 60 लाभार्थी रहे।

# पर्यावरण शुद्धि के लिए किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**नरवाना।** हवन यज्ञ करते आर्य समाज नरवाना। *फोटो :हरिभूमि*

रविवार को आर्य समाज नरवाना में पर्यावरण शुद्धि एवं समृद्धि के लिए हवन किया गया। साप्ताहिक सत्संग में धर्मपाल आर्य, यशपाल आर्य, डॉ किताब सिंह आर्य एवं दो बालिकाओं ने भजन एवं गीतों में ईश्वर स्तुति, प्रार्थना उपासना एवं सृष्टि रचना का यशोगान किया गया। जयपाल सिंह ने कहा कि आदिकाल से ऋषियों, मुनियों एवं विद्वानों ने प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधनों प्राणी जगत हितार्थ सदुपयोग करने का विधान बनाया हुआ है। प्रकृति में प्राकृतिक संसाधन जल से जीव जंतुओं एवं वनस्पतियों को जीवन पर्यंत सरल उपलब्ध कराने के लिए महाराजा सगर एवं उनकी प्रजा ने अथक परिश्रम से जेष्ठ माह की दशमी को गंगा का मार्ग प्रशस्त किया था। इसी दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। बढ़ते ग्रीष्म काल का मूल कारण भौतिक सुख सुविधाओं एवं प्रचंड भोग विलास के लिए पेड़ पौधों और वनस्पतियों का विनाश करना है। भारतवर्ष में श्रमदान का विशेष महत्व रहा है। हर मनुष्य को स्वयं की जीविका उपार्जन करने का विधान है। महाराजा जनक आचार्य चाणक्य एवं लाल बहादुर शास्त्री श्रमदान कर जीविका अर्जित करते थे। राजा और प्रजा स्वावलंबी, स्वाभिमानी और स्वरोजगार पर आधारित श्रमदान व्यवस्था में राजतंत्र पर भार एवं परजीवी नहीं थे।



**अलेवा।** नगूरां के राजकीय कन्या वमावि में वाटर कूलर दान करता जैन परिवार।

### पूर्व प्राचार्या की याद में स्कूल में दान किया वाटर कूलर

**अलेवा।** गांव नगूरां के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कूल की पूर्व प्राचार्या मीनाक्षी जैन की याद में जैन परिवार ने रविवार को स्कूल में वाटर कूलर दान किया। स्कूल प्राचार्य बलजीत सिंह व जिला संगठन आयुक्त उषा गुप्ता ने बताया कि पूर्व प्राचार्या मीनाक्षी जैन ने नगूरां कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कुछ समय पूर्व अपनी सेवाएं दी थी। जैन परिवार ने रविवार को पूर्व प्राचार्या की याद में स्कूल में लड़कियों के लिए पीने के पानी की स्थिति को देखते हुए एक वाटर कूलर दान किया है। परिवार सदस्य अमरनाथ जैन, आशुतोष जैन, आभा, विशाखा के अलावा स्कूल स्टाफ सदस्य चैन सिंह, विनोद कुमार, राजेश कुमार, वदंना, सीमा तथा ग्रामीण पूर्व कैप्टन सूबे सिंह व सतीश आदि उपस्थित रहे।

---

सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व किया

# देवरड़ की डा. प्रियंका ने रूस में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज. जींद

**संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के सहयोग से स्थाई पहल के निर्माण के लिए समर्पित**




डा. प्रियंका चहल ने बताया कि इससे पहले उन्होंने विश्व आर्थिक मंच, संयुक्त राष्ट्र महासभा और एसडीजी शिखर सम्मेलन जैसी उच्च स्तरीय बैठकों में भाग ले कर अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल की थी। वर्तमान में वह संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के सहयोग से स्थाई पहल के निर्माण के लिए समर्पित हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र का समर्थन करने और स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने वाली कई सफल परियोजनाओं को डिजाइन और नेतृत्व किया है। सेंट पीटर्सबर्ग फोरम में डा. प्रियंका चहल का प्रतिनिधित्व वैश्विक भागीदारी और युवा सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के प्रति उनके समर्पण को रेखांकित करता है। जिससे वह विश्व मंच पर भारत के लिए एक अग्रणी वकील के रूप में स्थापित हो गई हैं। उनका उद्देश्य रणनीतिक वार्ता और समावेशी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं के माध्यम से भारत व रूस सहयोग को और समृद्ध करना है।

गांव देवरड़ निवासी डा. प्रियंका चहल ने पांच से आठ जून तक प्रतिष्ठित सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम (एसपीआईईएफ) में भारत का प्रतिनिधित्व किया। रोसकॉन्ग्रेस द्वारा आयोजित रूस डेवोस एसपीआईईएफ के रूप में जाना जाता है। जो महत्वपूर्ण आर्थिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दुनिया के अग्रणी प्लेटफामोंर् में से एक है। डा. चहल को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के न्यू जेनरेशन प्रोग्राम के तहत आमंत्रित किया गया था। जो उभरते वैश्विक नेताओं पर प्रकाश डालता है। उन्होंने भारत की ताकत का प्रदर्शन किया और द्विपक्षीय संबंधों, आर्थिक सहयोग और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की प्रगति पर चर्चा की। अपनी भागीदारी के दौरान डा. चहल ने उच्च स्तरीय मंत्री स्तरीय बैठकों और विभिन्न सत्रों में भाग लिया और राष्ट्रपति पुतिन के साथ एक विशेष पूर्ण सत्र के दौरान अपनी अंतर्दृष्टि सांझा की। उन्होंने प्रमुख रूसी समाचार चैनलों के साथ साक्षात्कार भी हासिल किया। डा. प्रियंका चहल के साथ आगरा से राहुल चौधरी और बहादुरगढ़ से रोहित दलाल भी साथ थे। डा. चहल ने भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय सहयोग और विकास की महत्वपूर्ण संभावनाओं पर जोर दिया। उनके दृष्टिकोण में आपसी आर्थिक और व्यापार विकास को बढ़ावा देनेए सहयोग और समृद्धि के भविष्य की शुरुआत करने के लिए भारत-रूस संबंधों को मजबूत करना शामिल है।



**उचाना।** योग शिविर में योग करते हुए महिलाए। *फोटो :हरिभूमि*

### महिलाओं का बढ़ा योग की तरफ रूझान

**उचाना।** रेलवे स्टेशन के पास लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला में हर रोज शाम को महिलाओं के लिए आयोजित हो रहे योग शिविर में महिलाओं का रूझान बढ़ रहा है। यहां पर योगाचार्या संतोष, वेदकला द्वारा महिलाओं को योग करवाया जा रहा है। योगचार्या ने कहा कि महिलाओं को चाहिए कि वो पूरे दिन में कम से कम एक घंटा अपने शरीर को स्वस्थ, निरोगी रखने के लिए योग को दे। योग करने से कमर दर्द, बीपी, शुगर सहित सभी बीमारियों का उपचार है। योग ऐसी पद्धति है जिससे हर बीमारी को दूर किया जा सकता है। नियमित रूप से योग करने से शरीर पूरी तरह से स्वस्थ रहता है। योग शिविर को लेकर महिलाओं की रूचि बढ़ रही है। महिलाओं को भी अपने स्वास्थ्य के लिए जागरूक होना चाहिए।

## खबर संक्षेप




### शहर के साथ गांव-गांव में करें पौधे रोपितः बंसल

**गुहला-चीका।** यहां की समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय जन शक्ति मंच के संस्थापक डाक्टर सुरेंद्र बंसल ने लोगों का आह्वान किया है कि वे शहर के साथ साथ गांवों मे भी पौधे रोपित करें ताकि पर्यावरण को सुधारा जा सके। बंसल आज संस्था द्वारा शुरू किए गए पौधा रोपण अभियान के तहत आम जन को सम्बोधित कर रहे थे। बंसल ने कहा कि संस्था के सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह फैसला किया है कि जो भी सदस्य जिस गांव में रहता है।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना कारगर

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है। डीसी ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीम चलाई हुई हैं।

### गांव कौल में गांगा दशहरा पर्व पर लगाई छबील

# मीठे पानी का दान करके गंगा अवतरण दिवस हर्ष से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

रविवार को गांव कौल में संत शिरोमणी गुरू रविदास जी की संगत द्वारा गांव में बस स्टैंड पर गंगा दशहरा मनाया गया। इस उपलक्ष में संगत द्वारा मीठे व ठंडे पानी की छबील लगाकर राहगिरों को मीठा पानी पिलाया गया।आदित्य कुमार ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान शंकर की जटाओं से निकलकर मां गंगा पृथ्वी पर उतर आई थी। तब से इसी दिन मीठे जल का दान कर गंगा का अवतरण दिवस मनाते हैं। इस दिन लोग गंगा नदी में दिव्य स्नान कर दान-पुण्य आदि करते हैं इस दिन गंगा स्नान करने से 10 तरह के पापों से मुक्ति मिलती है। इस मौके पर गांव में अनेकों स्थानों पर मीठा ठंडा पानी पिलाया गया।मक्खन सिंह ढांडा ने बताया कि यह छबील सुबह 9:00 बजे शुरू की थी जिसमें लगभग 3000 लीटर मीठा पानी बनाया गया और दोपहर 3:00 तक यह छबील जारी रही। इस मौके पर रमन ढांडा, प्रदीप ढांडा,साहिल सोम प्रकाश ढांडा, पुनीत ढांडा, गोविंदा, कुलदीप, सुनील, सुबह सिंह, संदीप आदि सेवादार मौजूद रहे।


**ढांड।** राहगीरों को मीठा-ठंडा पानी पिलाते सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### गंगा दशहरा पर्व पर ठंडे पानी व फ्रूटी की लगाई छबील

**पूंडरी।** मेन बाजार पूंडरी में बाजार वासियो ने मीठे ठंडे पानी व फ्रूटी व समोसे की छबील लगाई। इस मौके पर आने-जाने वाले वाहन चालकों व राहगीरों को रोककर इस तपती गर्मी में अपने हाथों से ठंडा व मीठा पानी पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। इस मौके पर समाज सेवी मोहन लाल गोयल व नीटू दुआ ने कहा कि गर्मी के तपते मौसम में यदि किसी व्यक्ति को ठंडे पानी की बूंद भी मिल जाए तो वह भी अमृत के सामान लगती है। उन्होंने युवाओं को समाज के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सामाजिक कार्य करने में जो आनंद व शांति मिलती है वह अन्य कहीं प्राप्त नहीं हो सकती है। इस मौके पर नीटू दुआ, कशिश मदान, महेश मनचंदा, ओम प्रकाश, योगेश गोयल, बाबू मिगलानी, विनोद वर्मा भी मौजूद रहे।



# राष्ट्र निर्माण में करें योगदानः बेनीवाल

- विभिन्न टीमों ने नशे के प्रति अवगत कराया व सभी को नशा ना करने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक करती पुलिस टीम।

जिला कैथल में डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में एसआई कर्मबीर सिंह, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही,मनीषा व सुमन तथा होमगार्ड गुरदेव को शामिल करके एक नशा जागरूकता टीम का गठन किया गया है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने इसके साथ साथ सभी थाना व चौकी प्रभारी अपने अपने अधिकार क्षेत्र में आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक कर रहे है। डीएसपी ने बताया कि पुलिस टीमों ने इस अवसर पर आम जन को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक उपासना के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जहां पुलिस टीमों द्वारा नशा तस्करों पर कड़ा शिकंजा कसा जा रहा है, जिसके तहत 5 माह दौरान 44 नशा तस्करों को काबू किया गया है, वही खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं तथा आम जन को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। अपने आप को नशे से दूर रखें तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें तथा अपने बच्चों की गतिविधियों पर निगाह रखने की हिदायत दी। पुलिस प्रशासन ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया है।

### लोगों की आवाज बुलंद कर रहे सुरजेवालाः कुंडू

**राजौंद।** कांग्रेस के पूर्व युवा ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुण्डू रोहेड़ा ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार केवल झूठे वादे व घोषणाओं का राग अलापकर जनता को गुमराह करने में लगी है। भाजपा की असलीयत से जनता परिचित हो चुकी है और आगामी विधानसभा चुनाव में जनता वोट की चोट पर भाजपा का सुपड़ा साफ करने का काम करेगी। गांव गुलियाना में कांग्रेस की नीतियों का प्रचार प्रसार करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कुण्डू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है, इसलिए अब लोग कांग्रेस की ओर देख रहे हैं और लोकसभा चुनाव में हरियाणा में कांग्रेस की 5 सीटों पर ऐतिहासिक जीत इस बात का पुख्ता परिणाम है।




### सुंदरकांड पाठ के दौरान महिलाओं ने भजन कीर्तन कर भगवान का लिया आशीर्वाद

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी शाखा द्वारा मासिक प्रकल्प के अंतर्गत जून मास का सुंदरकांड पाठ व कीर्तन पंजाबी धर्मशाला श्री सत्यनारायण मंदिर पूंडरी में किया गया। सुंदरकांड पाठ के बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन कर भगवान का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम संयोजिका शालू मित्तल पत्नी प्रवीण मित्तल बजरंग हैंडलूम वाले रहे। आज के कार्यक्रम में 45 महिलाएं उपस्थित रही। आरती के पश्चात सभी महिलाओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला संयोजिका निधि मोहन, डा. मनीषा मंगल, सुनीता मित्तल, दमयंती बंसल, शालू मित्तल, मंजू बंसल, इंदु शर्मा, वंदना मित्तल, अंजलि बंसल, वीना खुराना आदि महिलाएं शामिल रहीं।

# प्रदेश में बनेगी तीसरी बार भाजपा की सरकार

- जल्द ही चलाया जाएगा जनसंपर्क अभियान, हल्के की समस्याओं को किया जाएगा दूर : दिनेश कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


**पूंडरी।** बैठक के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व विधायक प्रो . दिनेश कौशिक।

पूंडरी हल्के के 2 बार विधायक रहे दिनेश कौशिक लगातार विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणोंकी बैठक ले रहे हैं और आगामी विधानसभा चुनावों बारे रणनीति बना रहे हैं। बैठक के दौरान प्रो. कौशिक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने जो आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को दिया और भारी मतों से जीत दिलाकर लोकसभा में भेजने का काम किया, जिसके लिए न केवल पूंडरी हल्के की बल्कि लोकसभा क्षेत्र की जनता बधाई की पात्र है। कौशिक ने कहा कि जिस प्रकार केंद्र में भाजपा की सरकार तीसरी बार बनी है उसी प्रकार हरियाणा में भी तीसरी बार सरकार बनेगी। प्रो. कौशिक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित 3 सांसदो को केंद्रीय कैबिनेट में जगह मिलना भी हरियाणा वासियो के लिए बड़ी सौगात है और सभी कार्यकर्त्ताओं में खुशी भी है। उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य उनके कार्यकाल में युद्ध स्तर पर होते थे उन्हें गति देने के लिए फिर से जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं।

# नशा विरोधी टीम ने भागल-भूंसला में नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका


**गुहला चीका।** लोगों को जागरूक करते हुए पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में नशे के खिलाफ चलाए गए नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत रविवार को चौकी भागल पुलिस प्रभारी ए.एस.आई. तरसेम लाल की टीम ने उपण्डल गुहला के गैन भूंसला में ब्लड डोनेशन केम्प दौरान आमजन को तथा भागल स्टेडियम में युवाओं सहित आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। बताया कि नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत ही गलत प्रभाव डालता है। नशे का आदी होना आसान है, लेकिन इस लत से छुटकारा पाना बेहद मुश्किल है। नशे के कारण व्यक्ति का सामाजिक व पारिवारिक जीवन तबाह हो जाता है। समाज में कई लोग ऐसे होते है, जो नशे की लत पाल कर पूरी तरह नशे के आदी हो जाते हैं, उनके लिए वापस लौटना और जिंदगी की नष्टई शुरूआत करना मुश्किल होता है, क्योंकि नशे के कारण उनमें इतना मनोबल भी नहीं होता कि नशा छोड़ने के लिए संकल्प ले सकें।

### रजिस्ट्रेशन-हेल्प डेस्क पर आने वाले विद्यार्थियों की बढी संख्या



**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल के रजिस्ट्रेशन व हेल्प डेस्क पर आने वाले विद्यार्थियों की संख्या में अब तेजी से बढ़ोतरी होने लगी है। चूंकि रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि अब नजदीक आ रही है, इसलिए कॉलेज प्रबंधन ने अब अधिक कंप्यूटर सुविधाओं के साथ अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटी भी लगा दी है। स्नातक प्रथम वर्ष के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा अभ्यर्थियों के रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करने के लिए स्थापित केंद्रीयकृत दाखिला पोर्टल भी बिना किसी बड़ी परेशानी के सुचारू रूप से चल रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार किए गए बदलावों के अनुसार दाखिला प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए किए गए सभी आवश्यक प्रबंधों की अब आरकेएसडी कॉलेज के हेल्प डेस्क पर आने वाले अभिभावकों द्वारा प्रशंसा की जा रही है। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष के अभ्यर्थी प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध विषय संयोजनों में से अपनी योग्यता व पसंद के अनुसार तीन प्रमुख विषय भर रहे हैं।

# गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान व दान का विशेष महत्व : महंत अवध

- गंगा दशहरा के दिन मंदिरों में भगवान शिव का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

16 जून को गंगा दशहरा है और इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व होता है। जो श्रद्धालु सच्चे दिल से इस दिन गंगा स्नान के लिए जाता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। जो व्यक्ति गंगा स्नान के लिए नहीं जा सकता है उसे अपने आस पास किसी भी नदी में स्नान करना चाहिए। इस दिन स्वर्ग से गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था, इसलिए यह महापुण्यकारी पर्व माना जाता है। गंगा दशहरा के दिन सभी गंगा मंदिरों में भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। वहीं इस दिन मोक्षदायिनी गंगा का पूजन-अर्चना भी किया जाता है। उपरोक्त विचार महंत अवध बिहारी ने समाज सेवी प्रशांत आनन्द के कार्यालय में धार्मिक आयोजन के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पुराणों के अनुसार गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। गंगा दशहरा के दिन दान-पुण्य का विशेष महत्व है। इस दिन लोग पूजा-अर्चना करने के साथ ही दान-पुण्य करते हैं। कई लोग तो स्नान करने के लिए हरिद्वार जैसे पवित्र नदी में स्नान करने जाते हैं। इस दिन दान में सत्तू, मटका और हाथ का पंखा दान करने से दुगुना फल प्राप्त होता है। इसके बाद आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया।


**सीवन।** महंत अवध बिहारी सीवन में धार्मिक चर्चा में भाग लेते हुए

# एक महिला-चार युवतियां बगैर बताए घर से लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में अलग-अलग स्थानों से एक महिला व चार युवतियों के बिना बताए घर से चले जाने के मामले प्रकाश में आए हैं। कस्बा चीका क्षेत्र से एक युवक दो युवतियों को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। इस संबंध में एक गांव के व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 14 जून को नीटू नामक युवक उसकी बेटी और दोहती को शादी का जहां से देकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसने उनकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रामपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में कैथल क्षेत्र से एक 21 वर्ष से युवती के बिना बताए घर से चले जाने का मामला प्रकाश में आया है। अमरगढ़ गामड़ी कैथल के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 14 जून को उसकी 21 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई तथा वापस नहीं लौटी। सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तीसरे मामले में कस्बा कौल के एक व्यक्ति ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 जून को वाराणसी का आरुष नामक युवक उसकी बहन को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया।

# चोरों ने बनाया प्राचीन काली मंडी धार्मिक पितर स्थल को निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में नेशनल हाई-वे नरवाना रोड से कुछ दूरी पर स्थित प्राचीन काली मंडी धार्मिक पितर स्थल को चोरों द्वारा निशाना बनाने का मामला सामने आया है। चोर मौके का फायदा उठाकर पंखों, पंप सैट, दान पात्र और कुछ दूसरे सामान पर हाथ साफ कर गए। जैसे ही स्थल के प्रति गहरी आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं को घटना की जानकारी मिली तो वे मौका स्थल पर पहुंचे। उपरांत चोरी की घटना के खिलाफ कार्यवाही का निर्णय लिया गया। इस संबंध में देवीदयाल गर्ग, राजेंद्र गर्ग, रामनिवास गर्ग, मदन लाल, आनंद और दूसरे लोगों ने पुलिस को शिकायत देते हुए चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उनका कहना है कि धार्मिक स्थल गहरी आस्था के प्रतीक हैं। परंपरा अनुसार इस स्थल पर पूजा अर्चना की जाती है। चोरों ने जो कार्यवाही की उसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। इसलिए अवलिंब इस मामले में ठोस संज्ञान लेते हुए चोरों को काबू किया जाए।


कलायत में धार्मिक स्थल पर चोरों द्वारा तोड़े गए तालों को दिखाते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

कलायत थाना प्रभारी रामनिवास ने बताया कि चोरी की घटना पर संज्ञान लिया गया है। शिकायत के आधार पर कार्यवाही जारी है।


**राजौंद।** गांव जाखौली में लोगों को संबोधित करते कांग्रेस नेत्री अनीता ढुल बाजे।

### सरकार लगातार कर रही युवाओं का शोषण : ढुल

**राजौंद।** कांग्रेस महिला प्रदेश महासचिव अनीता ढुल बड़सीकरी ने गांव जाखौली में जनसभा को संबोधित करते हुए बताया कि हर वर्ष दो करोड़ रोजगार युवाओं को देने का जूठा जुमला देकर उनसे केवल फार्म भरवाते है और पेपर लीक करवा के बार-बार परीक्षा लेकर नौकरी के लिए बार-बार चक्कर कटवाते रहते है जिससे युवाओं का शोषण हो रहा है।नियमों को ताक पर रखकर उनको रोजगार भी अगर दे देते है तो माननीय हाईकोर्ट से उनको हटाने के आदेश जारी किये जाते है और पिछले एक दशक से एचसीएस भर्तियों में एसी बीसी वर्ग बच्चों के पद खाली है। जिससे उनको उच्च नौकरियों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर सभी जातियों को रोजगार के मामले में उनका हक दिया जाएगा। राजेश अबरसर, पुर्व ब्लॉक समिति की चेयरमैन ओमी देवी, चरण मलिक,सोनू मलिक आदि मौजूद रहे।

### भारत विकास परिषद चीका द्वारा आयोजित दो दिवसीय योग शिविर संपन्न

# योग से असाध्य रोगों से मुक्ति पाना संभव : सिंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

भारत विकास परिषद शाखा चीका द्वारा आयोजित दो दिवसीय योग शिविर आज संपन्न हो गया। दूसरे दिन के शिविर का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी सूरजभान सिंगला ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर व हरीश प्रेमी ने विशेष रूप से भाग लिया। साधकों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि सूरजभान सिंगला ने कहा कि योग में इतनी शक्ति है कि इसके द्वारा जटिल से जटिल रोग को भी ठीक किया जा सकता है। सिंगला ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का मूलमंत्र है ऐसे में हर एक व्यक्ति को योग से अवश्य जुड़ना चाहिए। भाविप के शाखा अध्यक्ष डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि योग से मनुष्य न केवल शारीरिक तौर पर स्वस्थ बनता है बल्कि मानसिक व आध्यात्मिक तौर पर मजबूत बनता है। दूसरे दिन के शिविर में भाविप व भारतीय योग संस्थान के योग शिक्षक अमित महाजन, रविंद्र बॉबी, राजेश कुमार, नानक शर्मा, दीपक सिंगला ने साधकों को मरकट आसान, हस्तपादुउतान आसन, मंडूक आसन, उष्टआसान, ताड़ासन, भद्रासन के साथ साथ प्राणायाम में आलोम विलोम, कपालभाति, शीतली व भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाया। भाविप द्वारा चलाए गए जल बचाओ अभियान के संयोजक डॉ. मनोज गांधी ने जल का महत्व बताते हुए सभी को जल बचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम के साथ किया गया। शिविर के अंत में बीपी व शुगर जांच कैंप भी लगाया गया जिसमें साठ से अधिक साधकों की जांच की गई।


**गुहला-चीका।** शाखा चीका द्वारा आयोजित दूसरे दिन के योग शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच करते।

### महंगी हुई शराब थोड़ी थोड़ी पिया करो...

**गुहला-चीका।** हरियाणा में नई शराब नीति लागू होने के बाद लालपरी के चहेतों को काफी धक्का पहुंचा है क्योंकि सरकार ने शराब के दामों में बढ़ौतरी कर दी है। सरकार के आदेशानुसार शराब खरीदने वाले व्यक्ति को देसी शराब के बदले 5 रुपए व बीयर के बदले पहले से 20 रुपए ज्यादा देने होंगे। यही नहीं अंग्रेजी व विदेशी शराब भी महंगी हो गई है और लोगों को पहले से 5 प्रतिशत तक अतिरिक्त राशि चुकानी होगी। परंतु यहां गुहला चीका में शराब महंगी होने के साथ ही सम्बन्धित ठेकेदारों की मनमानी भी देखने को मिल रही है क्योंकि जिस देसी शराब पर सरकार ने 5 रुपए की वृद्धि की है, उसे ठेकेदारों ने अपनी मर्जी से बेतहाश वृद्धि करते हुए प्रति बोतल 20 से 25 रुपए तक बढ़ा दिए हैं, जिसके चलते पियक्कड़ों में हाहाकार मचा हुआ है। देसी शराब ही नहीं अलबत्ता बीयर व अंग्रेजी शराब पर भी ठेकेदारों ने अपनी लालफीताशाही का सबूत देते हुए सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ा रखी हैं।

## खबर संक्षेप

### 18 को पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह उचाना में

**उचाना।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह 18 जून को हलके के दौरे पर रहेंगे। हरेंद्र सिंह ने बताया कि इस दिन कालता, रोजखेड़ा, भौंसला एवं धनखड़ी गांव के दौरे करेंगे। कार्यकर्ताओं से मिलने के साथ संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेंगे।

### मारपीट में तीन महिलाएं हुई घायल

**कैथल।** कस्बा राजोंद में दीवार गिरने को लेकर हुए विवाद में तीन महिलाएं घायल हो गई। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। राजौंद की राखी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह अपना पुराना मकान की दीवार तोड़ रहे थे इसे लेकर सोहनलाल, मोहनलाल, नानू, सपना, बबीता और सागर ने मिलकर गंडासी और चाकू से मारपीट करते हुए उसे, उसकी ताई आशा और चाची सरोज के साथ मारपीट करते हुए उन्हें घायल कर दिया।

### छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का मामला दर्ज

**कैथल।** सीवन पुलिस ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने तथा दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीवन थाना क्षेत्र के तहत आने वाले गांव की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि फिरोजपुर के जसविंदर ने उसके साथ छेड़छाड़ की।

### अश्लील फिल्म दिखाकर की छेड़छाड़, मामला दर्ज

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने एक नाबालिगा से छेड़छाड़ करने और उसे अश्लील फिल्म दिखाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को शिकायत में कैथल की एक कालोनी की महिला ने आरोप लगाया है कि 20 अप्रैल 2023 से लेकर अब तक भगत सिंह कॉलोनी कैथल का रामकरण शर्मा उसकी 16 वर्षीय बेटी के साथ छेड़छाड़ करता रहा।

### हरविंद्र के दाह संस्कार में लोगों ने भाग लिया

**गुहला-चीका।** आज यहां उपमंडल गुहला के गांव मोहनपुर के रहने वाले हरविंद्र नामक व्यक्ति का शव उनके गांव में पहुंच गया, जहां परिजनों ने उसका संस्कार कर दिया। इस सम्बन्ध में मृतक के भाई पिंदा ने बताया कि उसका भाई रोजी रोटी की तलाश में 2 वर्ष पूर्व अमरीका गया था और वहां मेहनत मजदूरी करता था ताकि भारत में रह रहे अपने बच्चों का पेट पाल सके परंतु होनी को कुछ ओर ही मंजूर था।

### मां-बेटा गायब, मामला दर्ज किया

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने एक मां-बेटे के गायब होने का मामला दर्ज किया है। कैथल के फ्रेंड्स कॉलोनी के राम भगत ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी बेटी डिंपी और दोहता रिहान उनके पास रहने के लिए आए थे। उसने बताया कि 15 जून को डिंपी अपने 8 वर्षीय बेटे के साथ घर से लापता हो गई। आरोप है कि वह अपनी ससुराल भी नहीं पहुंची।

---

कलायत में अनाज मंडी को जोड़ता है

# नेशनल हाई-वे से जोड़ने वाला मार्ग ऊबड़-खाबड़, लोग परेशान

हालात इस कदर खराब हैं कि वाहन तो दूर की बात पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** कलायत के बेहद ऊबड़-खाबड़ स्थिति में तबदील न्यू पिंजुपुरा मार्ग।

कलायत में सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट से अमीन ड्रेन तक भूमिगत पाइप लाइन बिछाने की योजना फिर से बड़े विवादों में घिर गई है। इस योजना के नाम पर अनाज मंडी-पिंजुपुरा मार्ग के बड़े हिस्से को बुरी तरह से तोड़ने के बाद इसकी सुध न लेने पर स्थित नाजुक बनी है। कचरा डंपिंग यार्ड से होते हुए चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग को अनाज मंडी व शहर को जोड़ने वाले इस मार्ग को बाईपास सुरक्षित रास्ता माना जाता रहा है। यह मार्ग उप मंडल मुख्यालय को भी जाता है। बावजूद इसके जिस प्रकार मार्ग को सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट पाइप बिछाने के नाम पर उखाड़ा गया है उससे सडक सुरक्षा के दावे हवा हो गए हैं। हालात इस कदर खराब हैं कि वाहन तो दूर की बात पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जिन वाहन चालकों की इस मार्ग से निकलना विवशता है वे भारी नौबत से जूझते हुए सफर तय करते हैं। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलिंद्र प्रताप राणा, विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा और दूसरे समाज सेवी संगठनों का कहना है कि विकास के नाम पर हादसे का माहौल पैदा करना गंभीर विषय है। सडक सुरक्षा के नाम पर लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी विभाग को नहीं दी जा सकती है। इसलिए इसके लिए जिम्मेवार अधिकारियों के खिलाफ अवलिंब कार्यवाही जरूरी है।

### खड़ी हो गई आफत

कलायत-पिंजुपुरा मार्ग का निर्माण हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल द्वारा कुछ वर्ष पहले जन सुविधा की दृष्टि से किया गया था। इस मार्ग को हर क्षेत्र के लिए सौगात माना जाता रहा है। पिछले काफी समय से यह मार्ग ऊबड़-खाबड़ स्थिति में हैं। इसके चलते न केवल सडक हादसे घटित हो सकते हैं बल्कि घायल होने से जान भी जा सकती है।कलायत-पिंजुपुरा मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्से की रिपेयर में हुए विलंब को लेकर कई बार हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल अधिकारियों से संपर्क साधा गया। लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

### हमने तो राशि जमा करवा दीः एसडीओ

कलायत जन स्वास्थ्य विभाग उप मंडल अभियंता इंद्राज पंवार ने कहा कि सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट योजना को सुदृढ़ बनाने के लिए अमीन ड्रेन तक भूमिगत पाइप लाइने बिछाने को मार्ग का उपयोग किया गया। इसके लिए बकायदा संबंधित विभाग से अनुमति लेते हुए इसकी राशि जमा करवाई गई। प्रक्रिया के अनुसार जिन विभाग को इसकी क्षतिपूर्ति की राशि जारी हुई उसको इसकी रिपेयर करनी है। किस कारण अभी तक रिपेयर नहीं हुई इसको लेकर वे अधिकारियों से संपर्क करेंगे।

---

# सफीदोंः हरियाणा जूनियर रग्बी-7 लड़कियों की टीम की हुई घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों


**सफीदों।** चयनित टीम के साथ संघ के पदाधिकारी व कोच।

उपमंडल के गांव बहादुरगढ़ स्थित एसबीएस स्पोर्ट्स एकेडमी में हरियाणा रा'य रग्बी फुटबॉल संघ द्वारा लगाए गए जूनियर लड़कियों के शिविर के अंतिम दिन राष्ट्रीय जूनियर रग्बी-7 प्रतियोगिता के लिए टीम की घोषणा की गई। बता दें कि यह प्रतियोगिता पुणे में आगामी 19 और 20 जून को होगी। इस टीम में गांव बहादुरगढ़ की तीन बेटियों अंजलि, मीनाक्षी व करिश्मा का भी हुआ है। चयन गांव बहादुरगढ़ में लगे शिविर के संयोजक प्रेमचंद शर्मा ने बताया की कैंप के लिए खिलाड़ियों का चयन हरियाणा राज्य रग्बी फुटबॉल संघ की चयन समिति द्वारा दो जून को किया था। जिन खिलाड़ियों ने कैंप में प्रैक्टिस की, उनके प्रदर्शन के आधार पर फाइनल टीम का चयन किया गया है। शिविर में चुने गए खिलाड़ियों को की घोषणा करते हुए संघ के सचिव नरेंद्र मोर व शिविर के संयोजक प्रेम शर्मा ने बताया कि गांव मुकलान (हिसार) की विनीता को टीम का कप्तान चुना गया है। तमन्ना, संध्या, मीतू भावना (हिसार), 'योति व किरण देवी (फतेहाबाद), मनीषा चरखी दादरी, कुसुम, मीनाक्षी, अंजली और करिश्मा (जींद) को जगह दी गई है। टीम कोच वर्ल्ड रग्बी कॉलीफाइड कोच 'योति चौधरी होंगी, इंडिया रग्बी सर्टिफाइड मैनेजर सोनिया साहू रहेंगी।

### लोकसभा और विधानसभा चुनाव में होता है अंतर

**उचाना।** जेजेपी पूर्व युवा हलकाध्यक्ष नसीब घसो ने कहा कि लोकसभा चुनाव विधानसभा चुनाव में काफी अंतर होता है। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने पूरे देश में भाजपा को हराने के लिए वोट डाले। विस चुनाव में जेजेपी कार्यकर्ता पूरी मेहनत करके अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ेंगे। मिशन 2024 दुष्यंत को सीएम बनाने के लिए काम करेंगे। आज हर वर्ग इस बात को मानता है कि उनके हितों के लिए कोई काम कर सकता है तो वो पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जेजेपी पार्टी है। घसो ने कहा कि मतदाता नहीं चाहते थे कि वोटों का ध्रुवीकरण होने से भाजपा को फायदा मिले।

## 29 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितू वाई के बहल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा आगामी 29 जुलाई 2024 से 3 अगस्त 2024 तक न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस से संबंधित पार्टियां यदि विशेष लोक अदालत के सामने रखना चाहती है तो वे स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।

इसके तहत स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड के माध्यम से प्री-कंसिलीएटॉरी बैठकें आयोजित की जाएगी, जिसमें पार्टियों के मध्य सुलह की संभावनाओं को परखते हुए ऐसे मामलों पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिन मामलों में पार्टी सरकार है ऐसे मामले विशेष लोक अदालत में निपटाए जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कानूनी सहायता परामर्शदाताओं को नियमित कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित करने के लिए नियुक्त किया जाता है। परामर्शदाता गाँवों में विशेष लोक अदालत के आयोजन और प्री-लोक अदालत बैठकों के दौरान दोनों पक्षकारों के बीच समझौते की संभावनाओं के बारे में भी जागरूक करने का कार्य करेंगे।

---



### विस चुनावों पर रणनीति बनाने के लिए कांग्रेस नेत्री सुमन बेदी ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

**नरवाना।** हरियाणा रा'य महिला आयोग की पूर्व सदस्य व कांग्रेस नेत्री सुमन बेदी के नेतृत्व में रविवार को हरियल रेस्ट हाऊस में आगामी विधानसभा चुनावों पर रणनीति बनाने के लिए कार्यकर्ता मीटिंग हुई । लोकसभा में कांग्रेस पार्टी को हरियाणा में मिली पांच लोकसभा सीटों पर जीत के लिए जनता का धन्यवाद करने के लिए हुड्डा साहब के 22 जून को जींद में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में नरवाना से सुमन बेदी के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता जींद सम्मेलन में शामिल होने के लिए नरवाना के हरियल रेस्ट हाऊस से काफिले के रूप में रवाना होंगे। सुमन बेदी ने कहा कि कार्यकर्ताओं में बहुत जोश है ये जोश और उत्साह विधानसभा चुनाव में भी बरकरार रहेगा और हरियाणा में हुड्डा साहब और प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने का काम कार्यकर्ता और हरियाणा की जनता करेगी ।

# बेटे की स्मृति में बनवाया हॉल, किया लोकार्पण

- अपने समय के अंतरराष्ट्रीय स्तर के वॉलीबाल खिलाड़ी व कोच रहे हैं पबनावा के स्व. अजय टामक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड


**ढांड।** गुरु ब्रह्मानंद खेल स्टेडियम पबनावा में कमरे का लोकार्पण करते रामसिंह व सरपंच। फोटो : हरिभूमि

अपने समय के वॉलीबाल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहे और कोच रहे स्वर्गीय अजय टामक उर्फ सोनू की याद में उनके पिता रामसिंह ने गांव के गुरु ब्रह्मानंद खेल स्टेडियम पबनावा में एक हॉल का निर्माण करवाया जिसका लोकार्पण आज गांव के सरपंच एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रामसिंह ने अपने कर-कमलों से किया। इस दौरान सभी ने स्व. अजय टामक अमर रहे और जब तक सूरज चांद रहेगा अजय टामक तेरा नाम रहेगा के नारे लगाए और उन्हें याद किया गया। उन्होंने बताया कि अजय एक अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल का खिलाड़ी था और वह एक बहुत अच्छा कोच भी था। गांव के सरपंच कश्मीर सिंह ने कहा कि स्व. अजय टामक का जन्म 25 अप्रैल 1985 को हुआ था जोकि अंतरराष्ट्रीय लेवल के एक अच्छे खिलाड़ी व कोच भी रहे जिन्होंने अनेक युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देकर मैडल लाने व खेलो के माध्यम से देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि हृदय गति रुकने से 20 जुलाई 2018 को स्व. अजय टामक का निधन हुआ था। उनके परिजनों ने उनकी स्मृति में स्टेडियम में 30 बाई 20 स्क्वेयर फुट का हॉल, 10 बाई 14 स्क्वेयर फुट का ड्रेसिंग रूम और लेटरिंग बाथरुम का निर्माण करवाया ताकि यहां प्रैक्टिस करने वाले सभी खिलाड़ियों के बीच उनकी यादगार बनी रहे और युवा उनसे प्रेरित होते रहें। स्व. अजय टामक के पिता रामसिंह ने बताया कि वे खुद हरियाणा पुलिस के जवान रहे हैं और अब सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके अजय टामक (सोनू) के अलावा दो बेटे हैं जोकि विदेशों में सेटल हैं। परिवार की इच्छा थी कि उनके बेटे स्व. अजय टामक की स्मृति में कोई निर्माण कार्य किया जाए।

### बाइक चोरों से परेशान लोग डीएसपी मिले

**गुहला-चीका।** मोटरसाइकिल चोरों से परेशान लोगों ने डीएसपी गुहला से मुलाकात की और रोष जताया कि लगातार चोरी हो रहे मोटरसाइकिलों के बावजूद पुलिस अब तक चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। बैठक में चोरी हुए मोटरसाइकिल पीड़ितों के अलावा कई समाजसेवी संस्थाओं ने भी भाग लिया। समाजसेवी संस्था नेकी की दीवार के प्रधान सागर भारद्वाज ने बताया कि कमला तो इस बात का है कि लगता है चोरों को पुलिस का तनिक भी डर नहीं है क्योंकि वे जिस गली, मुहल्ले व सार्वजनिक स्थल से बाइक व दो पहिए अन्य वाहन चोरी करना चाहें, बहुत ही आराम से उठा ले जाते हैं। उन्होंने बताया कि चोरों के पास 'एक ऐसी चोर चाबी' है।

---

### सबसे अधिक मतदान करने पर रोजखेड़ा की पंचायत सम्मानित

**उचाना।** लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक मतदान करने वाली पांच ग्राम पंचायतों को सम्मानित गांव में जाकर करने का उचाना अधिकार मंच से कार्यक्रम शुरू कर दिया है। रविवार को रोजखेड़ा गांव में जाकर गांव की पंचायत को 11 हजार रुपये की नगद राशि एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उचाना अधिकार मंच के प्रधान ज्योति प्रकाश उर्फ जेपी ने बताया कि गांव के मतदाताओं ने सबसे ज्यादा मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी आहूति डाली है। उचाना अधिकार मंच ने मतदान से पहले जागरुकता अभियान चलाया था और 'यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रोत्साहित किया था।

# मनरेगा मजदूरों पर हो रहे हमलों पर जताया रोष

- मनरेगा मजदूर मांगों को लेकर 18 को करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** बैठक में भाग लेते हुए मनरेगा मजदूर। फोटो : हरिभूमि

मनरेगा मजदूरों व मेटों पर हो रहे लगातार हमलों के खिलाफ गांव हथवाला व पौली में रविवार को मनरेगा मजदूरों की बैठकों का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीटू उपप्रधान सुरेश करसोला व सीटू सहसचिव पवन कुमार ने की।

उन्होंने कहा कि मनरेगा के बजट में हर साल लगातार कटौती की जा रही है। इसके इलावा प्रदेश में मनरेगा मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी दी जा रही है। मनरेगा के मजदूरों को पिछले तीन-चार साल से पांच किलोमीटर दूर काम पर जाने पर भी किराया नहीं दिया जा रहा। दुर्घटना में चोट लगने पर कोई इलाज का प्रबंध नहीं किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने तो डिजिटल इंडिया के नाम पर ऑनलाइन हाजिरी व अब जिओ टैग से हाजिरी लगाना जले पर नमक छिड़कने जैसा काम किया है। जिससे मनरेगा मजदूरों व मेटों में भारी रोष है। उन्होंने मांग की कि मनरेगा मजदूरों की जिओ टैग व ऑनलाइन हाजिरी पर रोक लगाई जाए। मजदूरों को गांव से दूर काम करने पर मनरेगा के तहत किराया दिया जाए। मनरेगा मजदूरों को दुर्घटना होने पर मुफ्त इलाज का प्रबंध किया जाए और मृत्यु उपरांत परिवार को 10 लाख मुआवजा दिया जाए। मजदूरों को काम के औजार जैसे कस्सी, तसला, सेफ्टी किट इत्यादि उपलब्ध करवाई जाए।

सभी गांव में मनरेगा के काम सुचारू रूप से शुरू करवाया जाए। मेटों व मजदूरों की बकाया मजदूरी का तुरंत भुगतान किया जाए। मनरेगा में 200 दिन काम 700 रुपए मजदूरी दी जाए। जरूरतमंद सभी गरीब परिवारों एवं मनरेगा मजदूरों के बीपीएल कार्ड बनवाए जाएं।

## कांग्रेस का संगठन जल्द से जल्द बनेः बृजेंद्र सिंह


बृजेंद्र सिंह

**उचाना।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा पर निशाना साधने के साथ-साथ प्रदेश में कांग्रेस का संगठन जल्द से जल्द बने इसकी वकालत की। बृजेंद्र सिंह ने कहा कि चुनाव में कांग्रेस का संगठन होता तो जो वोट प्रतिशत आया, उससे अधिक वोट प्रतिशत आता। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पूर्व सांसद ने कहा कि विस चुनाव की तैयारी का तो ये है ये शुरूआत थी जो पांच सीट आई है कांग्रेस की जीरो से बढ़कर, एक संकेत है ये आने वाले चुनाव के लिए की अगर सिद्धत से ओर सही तरीके से चुनाव लड़ा गया तो भारी बहुमत कांग्रेस का आने वाला है इस बार विधानसभा चुनाव में। कांग्रेस में नजर आ रही गुटबाजी के सवाल पर पूर्व सांसद ने कहा कि वो सीनियर नेता है पार्टी में थोड़ी बहुत खटपट चलती रहती है। अंत में नतीजा सही आया है। ये जरूर है कि सीटें बढ़ सकती थी 7 तक भी जा सकती थी लेकिन वो तो बाद की बात है। मौके की बात ये है कि 5 सीटें आई है। 46 विस चुनाव में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत हुई है।

---

## भूंसला गांवः शिविर में 35 यूनिट रक्त एकत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

उपमण्डल के भूंसला में नेकी का घर संस्था द्वारा विक्ष्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में 41 वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 35 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। रक्त एकत्रित करने के लिए शाह धाम ब्लड संेटर कैथल व रैड क्रॉस कैथल की टीम पहुंची हुई थी। कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में संदीप सिंह सरपंच भूंसला व तरसेम सिंह चौकी इंचार्ज भागल विशेष रूप से पहुंचें। कैंप में नेकी का घर संस्था के प्रधान हुक्म सिंह मैहला ने कहा कि रक्तदान करना बहुत ही पुण्य का कार्य है स्वस्थ व्यक्ति को अपना रक्त दान करते रहना चाहिए उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से बिमारियों से बचा जा सकता है, वहीं आज के शिविर मे यहां नोजवान रक्त दाताओं ने भाग लिया, वहीं महिलाओं ने भी अपना खून दान किया। डॉक्टर गुरदेव सिंह जोसन व गुरदीप सिंह चाबा ने बताया कि इतनी गर्मी के चलते हुए नेकी का घर संस्था रक्तदान व. अन्य समाजिक कार्यों के अलावा आने वाले दिनों के मौसम के बदलाव होते ही गांवों व शहरों में छायादार व फलों के पेड़ लगाने का कार्य भी शुरू करेंगी। नेकी का घर संस्था द्वारा समय समय पर लोग भलाई के अनेक कार्य किए जाते हैं। इस कैंप में गुरप्रीत सिंह गोपी सरपंच प्रतिनिधि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**1 लाख 11 हजार 111 का दान देकर प्रेरणास्रोत बनीं चमेली देवी**

# धर्मशाला में कमरे बनाने के लिए दान दी पेंशन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** चमेली देवी कमरे के निर्माण के लिए राशि देते हुए।

कहते हैं कि दान श्रद्धा समान और दान देने के लिए जब किसी भी व्यक्ति या महिला का मन बन जाता है तो वह अपनी पाई-पाई और जोड़ी गई सभी दौलत दान कर देता है और पुण्य का भागीदार बन जाता है। जिस व्यक्ति का धन माया से मोह भंग हो जाता है और ईश्वर भक्ति में लीन हो जाता है उसका ध्यान सामाजिक कार्यों में और हाथ दान की तरफ बढ़ता चला जाता है। इसी प्रकार का उदाहरण है गांव ग्योंग में रहने वाली चमेली देवी, जिन्होंने समाज की धर्मशाला के लिए अपनी नेक कमाई में से व पेंशन वाले इकट्ठे किए गए रूपयों में से 1 लाख 11 हजार 111 रुपए कमरे के निर्माण हेतु दान किए। आज कार्यक्रम के तहत प्रजापति धर्मशाला सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान दर्शन लाडवा, पूर्व प्रधान भवानी दास कल्याण, पूर्व प्रधान बलबीर चौलिया रिटायर्ड बीडीपीओ, वर्तमान महासचिव रामचरण किरमिच और प्रकाश प्रजापति कैथल जब गांव ग्योंग में पहुंचे तो पूरे परिवार ने टीम का स्वागत किया। पैतृक गांव भाणा के रहने वाले रामभज प्रजापति जोकि आजकल ग्योंग में रहते हैं, उनकी बहन चमेली देवी पुत्री शुद्धि देवी धर्मपत्नी अतर सिंह प्रजापति ने पेंशन के रूप में मिले रुपयों को इकट्ठा किया हुआ था और वे इन पैसों को दान में लगाना चाहती थी, इसलिए उन्होंने धर्मशाला में कमरा दान करने का विचार किया। आज धर्मशाला की टीम को बुलाकर 1 लाख 11 हजार 111 रुपए दान स्वरूप भेंट किए। प्रधान और कार्यकारिणी सदस्यों ने दानी परिवार का आभार व्यक्त किया और उन्हें समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत बताया। आजकल जहां लोग फिजूलखर्ची में हजारों, लाखों रुपए चंद मिनटों में खर्च कर देते हैं और कर्ज लेकर ऐशो-आराम की जिंदगी जीने की राह पर चले हुए हैं तो वहीं चमेली देवी जैसी सामाजिक कार्यों की प्रवृत्ति वाली महिलाएं उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं। चमेली देवी की खास बात ये हैं कि उन्होंने शादी नहीं करवाई। उनके इस नेक कार्य से परिवार के सभी लोग बड़े खुश हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पारिवारिक सदस्य चमेली देवी ने एक-एक पैसा जोड़कर धर्मशाला में दान दिया है।